# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 1012 / 4718 / 291 दिनांक 06-06-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः—अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित '' घर—घर शुद्ध पानी पहुंचने की सिर्फ आस'' के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित '' घर—घर शुद्ध पानी पहुंचने की सिर्फ आस'' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि गेंगटा पाइप पेयजल योजना का कार्य मेसर्स जैक्सन—विश्वराज (जे0वी0) द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली का कार्य 6273 मी0 के सापेक्ष 2954 मी0, नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत एवं शिरोपरि जलाशय 55 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना की लागत 227.25 लाख है एवं योजना पर व्यय 96.33 लाख है। आज दिनांक 06.06.2026 को खण्ड कार्यालय के सहायक अभियन्ता श्री अमर बहादुर एवं कार्यदायी फर्म के इंजीनियर श्री अनिल कुमार की उपस्थिति में उक्त पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया एवं मौकें पर कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को दूरभाष द्वारा उक्त पेयजल योजना का कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त पेयजल योजना का विगत 18 माह से भुगतान लम्बित होने के कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित हुई है। यद्यपि विकास खण्ड खेसरहा के 14 ग्राम पंचायतों के 35 राजस्व ग्रामों में नियमित रुप से शिरोपरि जलाशय द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। दिनांक 05.06.2026 को खबर प्रकाशित करने से पूर्व अमर उजाला समाचार पत्र के संवाददाता द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से दूरभाष पर सम्पर्क किया गया था, उनको उपरोक्तानुसार यथास्थिति से अवगत कराया गया था जिसका उल्लेख खबर में किया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(संजय कुमार जोगसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 एवं दिनांक एथोपरिः—

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
3— जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4— जिला ब्यूरो चीफ अमर उजाला, सिद्धार्थनगर।
5— श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।
6— श्री ज्योतिष चौधरी, जूनियर इंजीनियर।
7— मेसर्स जैक्सन—विश्वराज (जे0वी0), सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पेयजल योजना का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner







Scanned with CamScanner